# **GREENLAWNS HIGH SCHOOL**
## **TERMINAL EXAMINATION YEAR 2023**

**STD: 7th** **SUBJECT : HINDI** **MARKS :** 80

**TIMING : 2HOUR** **DATE: 29.08.23**

---

**सूचना:-प्रश्न 1 से 4 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर** Answersheet **पर लिखिए और**
प्रश्न **5 से 10 तक के सभी** प्रश्नों के उत्तर Question Paper **पर ही लिखिए ।**

**प्रश्न १ निम्नलिखित** विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । [10]

i) जल ही जीवन है ii) भारत की राजधानी दिल्ली
iii) महात्मा गाँधी

**प्रश्न २ निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए ।** **[7]**

क) व्यायाम का महत्व बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए ।
ख) दो दिन के अवकाश हेतु प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए ।

**प्रश्न 3 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **[10]**

दैनिक जीवन में हम अनेक लोगों से मिलते हैं जो विभिन्न प्रकार के काम करते हैं- सड़क पर ठेला लगानेवाला, दूधवाला, नगर निगम के सफाई कर्मीए बस कंडक्टरए स्कूल अध्यापकए हमारा सहपाठी और ऐसे ही कई अन्य लोग। शिक्षा, वेतन, परंपरागत चलन और व्यवसाय के स्तर पर कुछ लोग निम्न स्तर पर कार्य करते हैं तो कुछ उच्च स्तर पर। एक माली के कार्य को सरकारी कार्यालय के किसी सचिव के कार्य से अति निम्न स्तर का माना जाता है, किन्तु यदि अपने कार्य को कुशलतापूर्वक करता है और उत्कृष्ट सेवाएँ में ढिलाई बरतता है तथा अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह नहीं करता। क्या आप ऐसे सचिव को एक आदर्श अधिकारी कह सकते हैं? वास्तव में पद महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि महत्वपूर्ण होता है कार्य के प्रति समर्पण भाव और कार्य-प्रणाली में पारदर्शिता।

इस सन्दर्भ में गाँधीजी धीजी से उत्कृष्ट उदाहरण और किसका दिया जा सकता है, जिन्होंने अपने हर कार्य को गरिमामय मानते हुए किया। वे अपने सहयोगियों को श्रम की गरिमा की सीख दिया करते थे। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय लोगों के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने सफाई करने जैसे कार्य को भी कभी नीचा नहीं समझा और इसी कारण स्वयं उनकी पत्नी कस्तूरवा से भी उनके मतभेद हो गए थे।

बाबा आमटे ने समाज द्वारा तिरस्कृत कृष्ट रोगियों की सेवा में अपना समस्त जीवन समर्पित कर दिया। सुन्दरलाल बहुगुणा ने अपने प्रसिद्ध चिपको आन्दोलन के माध्यम से पेड़ों को संरक्षण प्रदान किया। फादर डेमियन ऑफ मोलोकाई, मार्टिन लूथर किंग और मदर टेरेसा - जैसी महान आत्माओं ने इसी सत्य को ग्रहण किया।

इनमें से किसी ने भी कोई सत्ता प्राप्त नहीं की, बल्कि अपने जनकल्याणकारी कार्यों से लोगों के दिलों पर शासन किया। गाँधी जी का स्वतंत्रता के लिए संघर्ष उनके जीवन का एक पहलू है, किन्तु उनका मानसिक क्षितिज वास्तव में एक राष्ट्र की सीमाओं में बंधा हुआ नहीं था। उन्होंने सभी लोगों में ईश्वर के दर्शन किए। यही कारण था कि कभी-किसी पंचायत तक के सदस्य नहीं बनने वाले गाँधीजी की जब मृत्यु हुई तो अमेरिका का राष्ट्रध्वज भी झुका दिया गया था।

**1)** विभिन्न व्यवसाय करनेवाले लोगों के समाज में निम्न स्तर और उच्च स्तर को किस आधार पर तय किया जाता है?

**2)** एक माली तथा सफाई कमी का कार्य किसी सचिव के कार्य से बेहतर कैसे माना जा सकता है?

**3)** . उस संदर्भ का उल्लेख कीजिए जिसके कारण गाँधीजी का अपनी पत्नी से मतभेद हो गया था?

**4)** . बाबा आमटे और सुन्दरलाल बहुगुणा किन महत्वपूर्ण कार्यों के लिए जाने जाते हैं ?

**5)** गाँधीजी की मृत्यु पर अमेरिका ने उनके सम्मान में क्या किया था और क्यों ?

**प्रश्न 4 (क) निम्नलिखित प्रश्नों के लिखिए । [15]**

1) सपनों की दुनिया से निकलने के बाद चिंतामणि को किस बात की चिंता होने लगी?
2) जयचंद और मोहम्मद गौरी के बीच क्या संधि हुई?
3) मोहम्मद गौरी को आपसी फूट की वज़ह से विजय मिली । क्या यह सही है? यदि हाँ तो कैसे?
4) मनुज को खोज निकालो कविता में कवि ने किस तरह के संसार की रचना का आहवान किया है?
5) भारतीय किसानों को किन-किन चीजों की जानकारी होती है?

**प्रश्न 4 (ख) निम्नलिखित प्रश्नों के लिखिए । [6]**

1) अयोध्या नगरी किस नदी के किनारे बसी थी और किस राज्य की राजधानी थी?
2) मिथिला के राजा कौन थे?उनकी क्या प्रतिज्ञा थी?
3) विवाह के ठीक पहले विदेह राज ने राजा दशरथ से क्या कहा?

## GREENLAWNS HIGH SCHOOL
## TERMINAL EXAMINATION YEAR 2023

**STD: 7th A B C** **SUBJECT : HINDI** **MARKS : 80**

**सूचना:-प्रश्नपत्र के सभी प्रश्नोंके उत्तर प्रश्न के आगे दिए गए रिक्त स्थान में ही लिखिए।**

**नाम : ____________________ ______________** **अनुक्रमांक :____________**

**प्रश्न 5- कविता की पँक्तियाँ पूर्ण कीजिए ।** **[4]**

**भाषा- भूषा-**

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

**अपना लो ।**

______________________________________________

**प्रश्न-6- एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।** **[5]**

1) **कवि ने 'अखिल अवनि' में केवल क्या अपनाने के लिए कहा है ।**

   **उत्तर- ----------------------------------------------------------------------------------------**

2) **संयोगिता कौन थी? उसका विवाह किसके साथ हुआ?**

   **उत्तर- ----------------------------------------------------------------------------------------**

3) **मोहम्मद गौरी कहाँ का सुल्तान था?**

   **उत्तर- ----------------------------------------------------------------------------------------**

4) **चिंतामणि के दोस्त का नाम क्या था?**

   **उत्तर- ----------------------------------------------------------------------------------------**

5) **निरोगी किसे कहेंगे?**

उत्तर- -----------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रश्न 7- शब्दार्थ लिखिए ।** **[3]**

i) प्रवीण =-----------------------------  iv) वृत्तांत =-----------------------

ii) यवनिका =---------------------------  v) रिक्त =------------------------

iii) परास्त =----------------------------  vi) हुक्म =------------------------

**प्रश्न 8- किसने-किससे कहा लिखिए ।** **[2]**

i) " तुम्हें यह विजय मेरी वजह से मिली है "।

------------------------------ ने---------------------------------------- से कहा

ii) "लेकिन मुझे पता कैसे चलेगा कि गौरी कहाँ बैठा है ।"

---------------------------------ने----------------------------------------------से कहा

**प्रश्न 9- निम्नलिखित वाक्यों में से सही के सामने सही ( ) और गलत के सामने गलत (×) का निशान लगाइए।** **[2]**

i) चिंतामणि बैठे-बैठे पढ़ रहा था ।

ii) मणिशंकर जी सुबह-सुबह पाइप लगाकर नहाते हैं ।

iii) कसरत के बिना मनुष्य निरोग नहीं रह सकता ।

iv) किसान के परिवार को खूब कसरत करनी पड़ती है ।

प्रश्न 10 **-निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए ।**

1) **निम्नलिखित शब्दों के दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखिए** **[2]**

तारा =---------------------  ---------------------

किरण =--------------------  -----------------------

2) **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।** **[2]**

i) अनुज ×-------------------  iii) उपयोगी ×-----------------

ii) आय ×---------------------  iv) चेतन ×-----------------

3) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए । [2]

i) कम जानने वाला ।-------------------------

ii) जिसकी सीमा न हो ।------------------------

iii) जो बात पहले कही न गई हो ।------------------

iv) जिसका कोई रक्षक न हो ।----------------------

4) निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए । [2]

i) पशु =-----------------  iii) मोटा =-----------------

ii) समीप =-----------------  iv) चतुर =-------------------'

5) निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय जोड़कर नया शब्द बनाइए। [2]

i) बाल-= ---------------------  iii) बसंत= ------------------

ii) बुद्धि-= --------------------  iv) देवर =-------------------

6) निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग जोड़कर नया शब्द बनाइए। [2]

i) कर्म -= ---------------------  iii) मान = ------------------

ii) वन -= --------------------  iv) जय =-------------------

7) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखिए । [4]

i) आपे से बाहर होना =--------------------------------------------------------

ii) घुटने टेकना =-----------------------------------------------------------

iii) खरी-खोटी सुनाना =-------------------------------------------------------

iv) एक ही लाठी से हाँकना =--------------------------------------------------